दुर्ग शुक्रवार 7 जनवरी 2022

चिन्तक

विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल ने फिर लहराया देश में परचम

रायपुर (चिन्तक)। सेंटर फॉर मेजरिंग इंडियन इकॉनॉमी संगठन द्वारा हाल ही में जारी किये गये बेरोजगारी के आंकड़ों ने एक बार फिर विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल की सफलता का परचम बुलंद कर दिया है।

आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ 2.1 प्रतिशत के साथ देश में सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में चौथे क्रम पर है। दिसंबर 2021 की स्थिति के अध्ययन के बाद सीएमआईई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश की बेरोजगारी दर दिसम्बर महीने में 7.91 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह 4 माह का उच्चतम स्तर है। शहरों में बेरोजगारी दर 9.30 प्रतिशत जबकि ग्रामीण इलाकों में 7.28 प्रतिशत रही है। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे कम बेरोजगारी दर कर्नाटक में 1.4 प्रतिशत और सर्वाधिक बेरोजगारी दर हरियाणा में 34.1 प्रतिशत बताई गई है।

गौरतलब है कि समावेशी विकास का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तीन साल पहले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में महात्मा गांधी के

खास बात

0 सीएमआईई ने जारी किये आंकड़े 0 छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर मात्र 2.1 प्रतिशत, जबकि देश में 7.91 प्रतिशत

ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना के अनुरूप नया मॉडल अपनाया गया है, जिसके तहत गांवों और शहरों के बीच आर्थिक परस्परता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसी मॉडल के अंतर्गत गांवों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, रूरल इंडस्ट्रीयल पार्कों की स्थापना, लघु वनोपजों के संग्रहण एवं वैल्यू एडीशन, उद्यमिता विकास जैसी अनेक अभिनव योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान भी देशव्यापी आर्थिक मंदी से छत्तीसगढ़ राज्य की अर्थव्यवस्था अछूती रही। तब भी छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर पूरी तरह नियंत्रित रही। अब नये आंकड़ों के मुताबिक जहां देश में बेरोजगारी दर लगातार चिंताजनक उछाल पर है, वहीं छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर केवल 2.1 प्रतिशत है।

नये आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश में 3.4 प्रतिशत, उत्तरप्रदेश में 4.9 प्रतिशत, असम में 5.8 प्रतिशत, झारखंड में 17.3 और बिहार में 16 प्रतिशत बेरोजगारी की दर रही है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जनवरी 2021 की स्थिति में देश में बेरोजगारी दर 6.52 फीसदी थी जिसमें शहरी बेरोजगारी 8.1 प्रतिशत और ग्रामीण बेरोजगारी 5.81 प्रतिशत थी, वहीं दिसंबर 2021 की स्थिति में देश में बेरोजगारी की दर 7.91 प्रतिशत रही जिसमें शहरी बेरोजगारी 9.3 प्रतिशत और ग्रामीण बेरोजगारी 7.28 प्रतिशत रही।

चिटफंड कंपनी की डेढ़ करोड़ की प्रापर्टी बेचकर निवेशकों को लौटाएंगे रूपए

रायपुर (चिन्तक)। राजधानी में पहली बार 2 फ्रॉड चिटफंड कंपनी की डेढ़ करोड़ की प्रापर्टी बेचकर उसमें जमा करने वाले पीड़ितों में बांटे जाएंगे। गुरुवार को बीएन गोल्ड की अमलीडीह स्थित प्रापर्टी और दिव्यानी की पुराना धमतरी रोड पर स्थित बंद पड़े ऑफिस की नीलामी होगी। तहसील ऑफिस में दोपहर 12 बजे से ही बोली लगने लगेगी।

इन कंपनियों ने करीब 20 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है, लेकिन लंबी छानबीन के बाद उनकी केवल डेढ़ करोड़ की ही प्रापर्टी का पता चला है। उसी को नीलाम करने की प्रक्रिया की जा रही है। राज्य के एक-दो शहरों में प्रापर्टी नीलाम कर पीड़ितों को मुआवजा दिया जा चुका है। रायपुर में पहली बार कार्रवाई नीलामी तक पहुंची है।

प्रशासनिक अफसरों के अनुसार अमलीडीह में बीएन गोल्ड की 3 अलग-अलग प्रापर्टी है। इसी की खरीदी का जबरदस्त क्रेज है। इन तीनों प्रापर्टी के लिए 23 लोग बोली में शामिल हो रहे हैं। इन सभी ने अलग-अलग 9-9 लाख बतौर एडवांस जमा करवाया है। चिटफंड कंपनियों की जमीन खरीदने के लिए 3 जनवरी तक आवेदन मंगाए थे। जमीन खरीदने के लिए शहर के कुछ बड़े बिल्डरों के साथ दूसरे जिले के कारोबारियों ने भी दिलचस्पी दिखाई है। नियमों के अनुसार जमीन की कीमत का 10 फीसदी बतौर एडवांस डीडी बनाकर तहसील कार्यालय में जमा करना है। जिन लोगों ने एडवांस रकम जमा की है वे ही इस बोली में शामिल हो सकते हैं। इन जमीनों की बिक्री के बाद जो रकम वापस मिलेगी उसे इन कंपनियों में रकम गंवाने वाले पीड़ितों को वापस की जाएगी। इसके लिए पीड़ितों की पहचान की जा चुकी है। कंपनी में पैसा गंवाने वाले जिन पीड़ितों ने तहसील में रकम वापसी के लिए आवेदन दिया था, उन्हीं को रकम दी जाएगी। पर एक-एक पीड़ित को कितनी-कितनी रकम दी जाएगी, ये तय नहीं है।

राजधानी में इन दो कंपनियों के अलावा 16 चिटफंड कंपनियों की 8 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है। लेकिन इन कंपनियों ने संपत्ति नीलामी के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर कर दी है।

ग्राम पंचायत भावा को मिली लाखों रूपए के विकास कार्यों की सौगात

महासमुंद (चिन्तक)। ग्राम पंचायत भावा में लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने यहाँ नवीन पंचायत भवन, मुक्तिधाम निर्माण का लोकार्पण तथा सामुदायिक भवन, सीसी रोड व सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

सोमवार को ग्राम पंचायत भावा में मड़ाई मेला के अवसर पर भूमिपूजन-लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता सदस्य मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मोहित ध्रुव ने की।

संसदीय सचिव ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, जनपद सदस्य घाँसुराम दीवान, विमला जनक साहू, रमन सिंह ठाकुर, राधेश्याम ध्रुव, रोशन पटेल, जनक साहू, रूखमणी निषाद, मदन पटेल मौजूद थे। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने मड़ई मेला के साथ ही नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि गांवों में मड़ई मेला का आयोजन छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान है। इस तरह के आयोजन से आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ग्राम भावा में लाखों रूपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। प्रदेश सरकार चाहती है कि शहर के जैसा गांवों का भी विकास हो। लिहाजा गांव-गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पिछले तीन सालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर यथासंभव पहल करने का आश्वासन दिया।

30 पौव्वा देसी शराब जब्त

रायपुर (चिन्तक)। राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 30 पौव्वा देसी अवैध शराब जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर हसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पेट्रोलिंग के दौरान बुधवार की देर रात ग्राम कठिया मोड़ के पास थैला लेकर पैदल आ रहे व्यक्ति को घेराबंदी कर रोका,नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मनहरण कुर्रे उम्र 40 साल शिव कुमार कुर्रे ग्राम कठिया रायपुर बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर थैला में रखा 30 पौव्वा देसी अवैध शराब अनुमानित कीमत 3000 रुपये बरामद हुआ जिसे जब्त कर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

24 घंटे में 250 पॉजिटिव, एक ही परिवार के 10 लोग संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी

बिलासपुर (चिन्तक)। कोरोना की रफ्तार अब तेज हो गई है। कम्यूनिटी स्प्रेड की आशंका के बीच अब संक्रमण परिवार में बच्चों तक पहुंचने लगा है। बुधवार को 24 घंटे के भीतर एक साथ 27 बच्चे कोरोना संक्रमित मिले हैं। इधर, एक ही दिन में 250 पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद हालत चिंताजनक होने लगी है। अब एक्टिव मरीजों की संख्या जनवरी के पांच दिनों में ही 764 पहुंच गई है।

दिसंबर के आखिरी सप्ताह से कोरोना वायरस धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। लेकिन, जनवरी के पहले दिन से कोरोना का संक्रमण तेजी से फैलने लगा है। महज एक से पांच जनवरी के बीच 58 से बढ़कर अब 250

तक पहुंच गई है। संक्रमितों का आंकड़ा रोज बढ़ने लगा है। संक्रमितों में डॉक्टर, अस्पताल स्टाफके साथ ही शिक्षा विभाग, पुलिस कर्मी व उनके परिवार के साथ ही रेलकर्मी व के कर्मचारी कोरोना संक्रमित मिले हैं।

कोरोना का संक्रमण अब शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी फैल गया है। बुधवार को हेमूनगर में एक ही परिवार के 10 लोग संक्रमित मिले हैं। जिनमें चार बच्चे-बच्चियां शामिल हैं। अब संक्रमण फैलने के बाद 17 से 4 साल तक के बच्चों में कोरोना का संक्रमण मिल रहा है। यह हालत शहर के लिए चिंताजनक है।

स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी, ऑक्सीजन लेवल का रखे ध्यान

बुधवार को मिले संक्रमितों की संख्या देखकर स्वास्थ्य महकमा भी सकते में आ गया है। हालांकि, ज्यादातर कोरोना मरीज होम आइसोलेशन पर है। लेकिन, विभाग के अफसर स्थिति बिगड़ने से पहले ही होम आइसोलेशन में चल रहे है मरीजों को ऑक्सीजन लेवल पर विशेष ध्यान रखने की चेतावनी दी है। डॉ. प्रमोद महाजन का कहना है कि आक्सीजन लेबल गिरना चालू हो तो मरीज जोखिम न लेते हुए तत्काल अस्पताल में भर्ती जाएं। क्योंकि अभी जितने भी मरीज संक्रमित हो रहे है।

ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में घुसी, तीन घायल

रायपुर (चिन्तक)। मुंगेली जिले में अनियंत्रित टैक्टर के नहर में घुस जाने के कारण तीन लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है।जानकारी के मुताबिक लोरमी थाना क्षेत्र के रेहूंटा इलाके में रहने वाले किसान परिवार के तीन लोग खेत से काम कर ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। इसी बीच शाम रेहूंटा में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड के साइड से नहर में जा गिरी।

लोन लेने के लिए ITR बनवाए मात्र 500/- रू. में

जी.एस.टी. रिटर्न	FOOD लायसेंस
इनकम TAX फाईल	MSME रजिस्ट्रेशन
TDS रिफन्ड	प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस	डिजिटल सिगनेचर

सम्पर्क- शेखर गुप्ता WWW.ONLYTDS.COM

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद करने हेतु तैयार

9300755544, 8878655544

पंडरी जिला अस्पताल में खुला नि:शुल्क कोरोना जांच केन्द्र

रायपुर (चिन्तक)। जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला अस्पताल पंडरी में रात्रिकालीन नि:शुल्क कोरोना जांच केन्द्र खोला गया। इसके लिए डॉक्टर एन. के. ओझा नोडल अधिकारी बनाये गये है। रात के समय में कोरोना की जांच के लिए रात्रिकालीन टीम भी यहां तैनात रहेगी।

रायपुर जिला कलेक्टर सौरभ कुमार के आदेशानुसार राजधानी शहर रायपुर के जिला अस्पताल में नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधा हेतु रात्रिकालीन कोरोना की नि:शुल्क जांच करने केन्द्र खोला गया है. रायपुर जिला अस्पताल के डॉक्टर एन. के. ओझा मोबाइल नम्बर 8982507998 जिला अस्पताल पंडरी में खोले गये रात्रिकालीन कोरोना जाँच केन्द्र के नोडल अधिकारी बनाये गये हैं. इस हेतु तत्काल सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां समन्वय बनाकर जिला कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री प्रभात मलिक ने जिला अस्पताल पंडरी प्रशासन को निर्देशित करके पूर्ण करवाई हैं. जिला अस्पताल पंडरी के रात्रिकालीन नि:शुल्क कोरोना जाँच केन्द्र में पहुंचकर कोई भी नागरिक अपनी जाँच करवा सकता है. अतिआवश्यक होने पर नागरिक अपनी जाँच रात्रिकालीन कोरोना जांच केन्द्र में पहुंचकर करवा सकेंगे।

दक्षिण-पूर्वी हवाओं से बस्तर में तापमान बढ़ेगा

जगदलपुर (चिन्तक)। बस्तर संभाग का मौसम शुष्क बना हुआ है, न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री और अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आ रही हवाओं ने अपनी दिशा बदल दी है, बस्तर में भी दक्षिण-पूर्व से हवाओं के आने का क्रम शुरू हो गया है। इसका असर जल्द ही दिखने लगेगा, जिससे यहां पड़ रही ठंड में कमी आयेगी।मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि हवाओं की दिशा बदलने की वजह से आने वाले दो से तीन दिनों के भीतर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

पंचायत उप निर्वाचन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं : कलेक्टर

महासमुंद (चिन्तक)। कलेक्टर डोमन सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन 2021-22 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। निर्वाचन होने की घोषणा की तिथि से निर्वाचन समाप्ति की तिथि तक जिले में होने वाले पंचायत उपनिर्वाचन वाले ग्रामीण इकाई में आदर्श आचरण संहिता लागू है। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंचायत उपनिर्वाचन अपने-अपने क्षेत्र में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं।

इसके अलावा जागव-

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक

बोटर (जाबो) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्यक्रमों का आयोजन करें। गांवों में मतदान के लिए मुनादी कोटवार के माध्यम से किया जाए। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रेरित करें कि वे अपने परिवार के सदस्यों को निष्पक्ष, निर्भीक, प्रलोभन रहित मतदान के लिए आग्रह करें। ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जागव बोटर मतदान जागरुकता के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करें। इससे जागरूकता के साथ-साथ सहभागिता एवं प्रोत्साहन भी बढ़ेगी। विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों द्वारा एक निश्चित स्थान में एकत्रित कर मतदान शपथ कराएं।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लम्बित राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करें। तहसील स्तर पर होने वाले जनदर्शन में हितग्राहियों को यथासंभव लाभान्वित करें। पर्यटन की दृष्टि से कोडार जलाशय को विकसित किया जा रहा है।

रिसामा-गुंडरदेही स्टेशन समपार परसदा फाटक

14 तक दोपहर 2 से रात्रि 12 बजे तक बंद रहेगा

रायपुर (चिन्तक)। रायपुर रेल मंडल में रिसामा-गुंडरदेही स्टेशन के मध्य स्थित समपार परसदा फाटक आज से 14 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। रायपुर रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार

रिसामा-गुंडरदेही स्टेशन के मध्य स्थित फाटक क्रमांक डीडी-24 कि.मी. 893 / 15-16 (परसदा फाटक) में स्थित है। उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक के मरम्मत का कार्य किया जाना है। इस हेतु यह समपार दिनाँक 06.01.2022 से दिनाँक 14.01.2022 तक प्रत्येक दिन अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक सड़क यातायात के लिये बंद रहेगा जिसके कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन नही हो पायेगा। समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। इस समपार फाटक से गुजरने वाले यातायात को डी. डी- 27 किमी. 896 / 14-15 (देवरी फाटक) से वैकल्पिक रूप से पास किया जा सकता है।